पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-16 सोमवार, दिनांक-11 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-1932 स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरित ।

(iv) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 67 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंहा

(iii) श्री जनक सिंह

(iv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(v) श्री राजेश्वर राज

(vi) श्री विजय कुमार सिन्हा

(vii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(viii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(ix) श्री अमन कुमार

(x) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(xi) श्री राजकुमार राय

(xii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(xiii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(xiv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(xv) श्री विनय बिहारी

''मा० नेता प्रतिपक्ष द्वारा सीतामढ़ी जिले के परसौनी की घटना की सूचना सदन में दी गई जिसका सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया ।''

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों के वित्त विभाग से संबंधित दिनांक 27.02.2013, 05.03.2013 एवं 07.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री कन्हैया कुमार एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 01.03.2013 एवं 06.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । उत्तर से असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किए जाने की घोषणा की गई ।

(iii) मा० सदस्य श्री सुमित कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 01.03.2013 एवं 06.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना शिक्षा विभाग को स्थानांतरित हुआ तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री अम्बिका सिंह एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 06.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(v) मा० सदस्य श्री बैद्यनाथ सहनी एवं श्री रामचन्द्र सदा का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

(vi) मा० सदस्य श्री मनोज कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 13.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[4] वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-

मा० प्रभारी मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री श्याम रजक द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण नीति पर विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती-प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रत्नेश सादा

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(iii) श्री कृष्णनन्दन पासवान

(iv) श्री आफाक आलम

(v) श्री संतोष कुमार निराला

(vi) श्री पवन कुमार जायसवाल

(vii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(viii) श्री अजय प्रताप

(ix) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

(x) श्री प्रदीप कुमार

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री अरूण कुमार

(आसन द्वारा सदन की सहमति से आज के कार्यों के निष्पादन तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।)

सरकार की ओर से मा० प्रभारी मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री श्याम रजक द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[5] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 24 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात सदन की बैठक मंगलवार, दिनांक 12 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-11 मार्च, 2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।